माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर

(पुँवारका, सहारनपुर, उ0प्र0, पिन–247120)

Website- msuniversity.ac.in Email ID – registrar@msuniversity.ac.in

पंत्राक : 548 / गोपनीय / एम0एस0यू0 / 2023–24 दिनांक : 02.10.2023

विज्ञप्ति

विश्वविद्यालय की द्वितीय व चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षाएं समाप्ति की ओर हैं, किन्तु यह संज्ञान में आया है कि अधिकांश महाविद्यालयों / संस्थानों द्वारा अपने विद्यार्थियों के द्वितीय व चतुर्थ सेमेस्टर (एन0ई0पी0 को छोडकर) के प्रयोगात्मक / मौखिक परीक्षाए सम्पन्न नहीं कराई गई हैं, जबकि प्रयोगात्मक / मौखिक परीक्षाओं के लिए अन्तिम तिथि 30.09.2023 निर्धारित की गई थी। मा0 कुलपति जी द्वारा अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए यह आदेश प्रदान किये गये हैं कि ऐसे महाविद्यालय / संस्थान जिन्होंने अपने विद्यार्थियों के प्रयोगात्मक / मौखिक परीक्षा के अंक अपलोड नही किये गये हैं, वे तत्काल प्रयोगात्मक / मौखिक परीक्षा कराकर अंक अपलोड कर दें।

अतः मा0 कुलपति जी के अनुपालन में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि जिन महाविद्यालयों / संस्थानों द्वारा अपने विद्यार्थियों के द्वितीय व चतुर्थ सेमेस्टर के प्रयोगात्मक / मौखिक परीक्षा के अंक अपलोड नहीं किये गये हैं, वे विलम्बतम दिनांक 10.10.2023 तक प्रयोगात्मक / मौखिक परीक्षा कराकर अंक अपलोड करना सुनिश्चित करें, अन्यथा की दशा में उनके महाविद्यालय / संस्थान के परीक्षाफल रोक दिये जायेगें, जिसका समस्त उत्तरदायित्व सम्बन्धित महाविद्यालय / संस्थान का होगा।

02.X.23

(अरूण कुमार यादव)
परीक्षा नियन्त्रक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ / आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. व्यक्तिक सहायक कुलपति को मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ प्रेषित।
2. प्राचार्य / प्राचार्या / निदेशक समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय।
3. प्रभारी गोपनीय / प्रभारी परीक्षा।
4. प्रभारी वेबसाइट।
5. गार्ड फाईल।

(अरूण कुमार यादव)
परीक्षा नियन्त्रक